Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **खैरथल तिजारा में राजस्व पटवारी 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *22 फरवरी, गुरूवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर अलवर–प्रथम इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **मनोज कुमार पटवारी पटवार हल्का रानोठ तहसील मुण्ड़ावर जिला खैरथल तिजारा** को परिवादी से **20 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अलवर–प्रथम इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि मेरी पत्नी के नाम से क्रय की गई भूमि का नामान्तकरण दर्ज (खोलने) की एवज में आरोपी पटवारी मनोज कुमार द्वारा **30 हजार रूपये** रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस–द्वितीय श्री कालूराम रावत** के सुपरविजन में एसीबी अलवर–प्रथम इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष दीक्षित** के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन करवाने पर आरोपी द्वारा परिवादी से 20 हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग करना स्पष्ट पाया जाने पर आज **श्री प्रेमचंद पुलिस निरीक्षक** मय टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी पटवारी को परिवादी से **20 हजार रूपये** की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कालूराम रावत के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्व अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**